पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, (CSJMU) कानपुर को नैक मूल्यांकन में A++ ग्रेड प्राप्त होने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

लखनऊ: 25 नवंबर, 2023

प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, (CSJMU) कानपुर को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा किए गए निरीक्षण एवं मूल्यांकन में A++ (3. 57) ग्रेड प्राप्त होने पर हार्दिक बधाई और निरंतर उन्नयन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

नैक का उच्चतम ग्रेड प्राप्त होने के साथ ही विश्वविद्यालय देश के प्रमुख शीर्ष संस्थानों में भी शामिल हो गया है। इससे पहले सीएसजेएमयू को साल 2006, 2015 में नैक के द्वारा बी ग्रेड प्राप्त हुआ था। बी ग्रेड से ए प्लस प्लस तक के इस सफर में प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा निरंतर मार्गदर्शन , अनवरत समीक्षा बैठकों के माध्यम से विश्वविद्यालय में अकादमिक एवं व्यवस्थागत सुधार कराते हुए नैक हेतु प्रस्तुत की जाने वाली सेल्फ स्टडी रिपोर्ट को बेहतर कराने हेतु युद्धस्तर पर कार्य करने के साथ-साथ इस कार्य में लगे प्राध्यापकों तथा अन्य सदस्यों को भी बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए राज्यपाल ने प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकनों में प्राप्त हो रही उल्लेखनीय सफलताओं पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों को ऐसी उपलब्धियां प्राप्त होने से शिक्षा के लिए प्रदेश के विद्यार्थियों का पलायन रुकेगा। इसके साथ ही इससे प्रदेश के उन विद्यार्थियों को भी उच्च ग्रेड के विश्वविद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने का लाभ प्राप्त होगा जो आर्थिक कारणों से बाहर जाकर शिक्षा ग्रहण करने में असमर्थ हैं।

डॉ. सीमा गुप्ता, सहायक निदेशक,
राजभवन
सम्पर्क सूत्र-8318116361